समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# रुपये के आगे झुका अमेरिकी डॉलर ! शुरुआती कारोबार मे भारतीय करेंसी हुई 6 पैसे मजबूत ।

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## क्रूड ऑयल की कीमतों मे नरमी और मिडिल ईस्ट तनाव मे कमी के चलते रुपये को मिला सहारा, डॉलर सूचकांक भी कमजोर पड़ा ।

सोमवार को **भारतीय रुपये** ने **अमेरिकी डॉलर** के मुकाबले मजबूती दिखाई है । **इंटरबैंकिंग फॉरेन करेंसी एक्सचेजं** में शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया **6 पैसे चढ़कर 85.44 प्रति डॉलर** पर खुला । शुक्रवार को रुपया 85.50 के स्तर पर बंद हुआ था, जिससे यह बढ़त बाजार के लिए एक सकारात्मक संकेत मानी जा रही है ।

**रुपये की मजबूती के पीछे कारण**
**मिडिल ईस्ट** में तनाव में कमी:
**ईरान और इजरायल** के बीच **संघर्षविराम** की खबरों ने **वैश्विक बाजार** में राहत दी है ।

**क्रूड ऑयल की कीमत मे गिरावट :**
**इंटरनेशनल ब्रेटं क्रूड 0.18% फिसलकर 67.65 डॉलर प्रति बैरल** पर आ गया, जिससे भारत जैसे आयातक देशों की करेंसी को सहारा मिला ।

**डॉलर सूचकांक मे गिरावट :**
6 प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले **अमेरिकी डॉलर** की स्थिति दर्शाने वाला **डॉलर इंडेक्स 0.15%** गिरकर **97.25** पर आ गया है ।

**शेयर बाजार की चाल**

१. **हालांकि रुपये मे मंजबूती देखी गई, लेकिन भारतीय शेयर बाजार मे गिरावट रही :**

२. **सेसेंक्स :** शुरुआती कारोबार में 249.03 अंक गिरकर 83,809.87 पर

३. **निफ्टी :** 66.90 अंक गिरकर 25,570.90 पर

४. **विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII)** ने शुक्रवार को **बाजार मे 1,397.02 करोड़ रुपये** के शेयर खरीदे, जिससे बाजार में आंशिक स्थिरता बनी रही।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.